**दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू**

**सत्र 2024- 25**

**अर्धवार्षिक आदर्श परीक्षा पत्र**

**कक्षा-छठी** **अंक:80**

**विषय: हिंदी** **समय: 3 घंटे**

**सामान्य निर्देश**

- **इस प्रश्न पत्र के दो खंड है-'अ' और 'ब' ।**
- **दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।**
- **शब्द सीमा पर विशेष ध्यान दीजिए**

**खंड-अ**

**प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक 1×5=5)**

भारतवर्ष में प्रदूषण की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। इसका कारण स्पष्ट है कि यहाँ जनसंख्या बहुत अधिक है। जिस स्थान में दो या तीन व्यक्ति सुगमतापूर्वक रह सकते हैं उसमें दस से बारह तक व्यक्ति गुजारा करते हैं। आवासीय संकट के कारण छोटे-छोटे भूखंडों पर छोटे-छोटे मकान है। कुछ मकान ऐसे भी हैं जहाँ सूर्य की किरणें कभी पहुँची ही नहीं हैं। शुद्ध वायु सेवन तो उनके भाग्य में है ही नहीं। नगरों की आबादी दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ती जा रही है। ग्रामों से नागरिकों का पलायन नगरों के जीवन को कष्टमय बनाता जा रहा है। ज्यों-ज्यों नगरों में जनसंख्या का भार बढ़ता जा रहा है त्यों-त्यों यातायात के साधनों में प्रयुक्त ईंधन वातावरण को दूषित बना रहा है। चिमनियों से निकलता हुआ धुआँ वातावरण की शुद्धता को नष्ट कर रहा है। नगरों के आवासीय स्थल, व्यापारिक केंद्र एवं उद्योग धंधों के गढ़ बनते जा रहे हैं। जिससे वातावरण और अधिक तेजी से दूषित होता जा रहा है।

**I) नगरों का जीवन कष्टमय बनता जा रहा है, क्योंकि-**

**(क)** नगर में अधिक सुख सुविधाएँ हैं।
**(ख)** गाँवों से लोग नगरों की ओर पलायन कर रहे हैं।
**(ग)** नगरों में साफ-सफाई है।
**(घ)** उपर्युक्त सभी

**2) वातावरण को दूषित कौन कर रहा है?**

**(क)** पेड़-पौधे **(ख)** जानवर
**(ग)** चिमनियों से निकलता हुआ धुआँ **(घ)** इनमें से कोई नहीं

3) **निम्नलिखित कथन( A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

**कथन( A) छोटे-छोटे भूखंडों पर छोटे-छोटे मकान बने हैं।**

**कारण (R) आवासीय संकट के कारण।**

(क) कथन(A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग)कथन (A) सही है लेकिन कारण(R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ)कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या है।

**4) नगरों की आबादी किस प्रकार बढ़ रही है?**

**5) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक है।**

## व्यवहारिक व्याकरण

**प्र.2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।**

**1) क) 'पक्षी' ख) 'पवन' (पर्यायवाची शब्द लिखिए) (अंक-2)**

**2) क) 'उत्थान' ख) 'स्वीकृति' (विलोम शब्द लिखिए) (अंक-2)**

**3) क) आस्तीन का साँप ख) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना (मुहावरे का अर्थ लिखिए) (अंक-2)**

**4) क) कर ख) अधर (अनेकार्थक शब्द लिखिए) (अंक-2)**

**5) क) 'चर्म', 'चरम' ख)'चिर','चीर'(श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द लिखिए)(अंक-2)**

**6) क) 'दूसरे देश में रहने वाला' ख) 'सब कुछ जानने वाला'(अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए) (अंक-2)**

**7) हिंदी भाषा में वर्ण कितने प्रकार के होते हैं? (अंक-1)**

**8) <u>रमन</u> पत्र पढ़ रहा है। रेखांकित शब्द संज्ञा का कौन सा भेद है? (अंक-1)**

**9)'अधमरा' शब्द का ( उपसर्ग लिखिए) (अंक-1)**

**10)'सजावट' शब्द का (प्रत्यय लिखिए) (अंक-1)**

**11) कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद हैं? (अंक-1)**

**12)'मिठा' शब्द का (भाववाचक संज्ञा शब्द लिखिए) (अंक-1)**

**13)'नारी + ईश्वर' (संधि शब्द लिखिए ) (अंक-1)**

**14) राहुल दौड़ रहा है। वाक्य में कौन सी क्रिया का भेद है? (अंक-1)**

### खंड-ब

**प्र.3 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों हेतु सही विकल्प चुन कर लिखिए। (अंक 1×5=5)**

कॉलम के कॉलम भर गए। अनेक प्रतियोगिताओं में उसका 'अनाथ' वाला चित्र पहला इनाम पा चुका था। जाने क्या था उस चित्र में, जो देखता हैरान रह जाता। तीन साल बाद जब चित्रा भारत देश लौटी तो उसका बहुत अच्छे से स्वागत हुआ। दिल्ली में उसके चित्रों की प्रदर्शनी का बड़ा आयोजन किया गया। उद्घाटन करने के लिए चित्रा को ही बुलाया गया। उस भीड़-भाड़ में अचानक उसकी मुलाकात अरुणा से हो गई। 'रूनी' कहकर चित्रा अरुणा के गले से लिपट गई। "तुम्हें कब से चित्र देखने का शौक हो गया, रूनी?""चित्रों को नहीं, चित्रा को देखने आई थी। तुम तो एकदम भूल ही गई। दो प्यारे-से बच्चे अरुणा से चिपककर खड़े थे। लड़के की उम्र दस साल की होगी तो लड़की की कोई आठ साल। चित्रा ने उन्हें देखकर पूछा, " अरे! ये बच्चे किसके हैं?" मेरे बच्चे हैं, और किसके!

बच्चो, ये तुम्हारी चित्रा मौसी हैं।" तुम्हारी ये मौसी बहुत अच्छी तसवीरें बनाती हैं, ये तसवीरें इन्हीं की बनाई हुई हैं। अरुणा ने कहा।

**1)प्रस्तुत पठित गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?**

क) हँसी-खुशी ख) खेल-खेल में ग) अँधेर नगरी घ) दो कलाकार

**2) चित्रा अरुणा को प्यार से क्या कहकर बुलाती थी?**

क)अरु ख) रुनी ग) अरुणा घ) क्यूटी

**3)चित्रा के चित्रों का बड़ा सा आयोजन कँहा किया गया था?**

क)जम्मू में ख)मुम्बई में ग)दिल्ली में घ) शिमला में

**4) कितने बच्चे अरुणा से चिपककर खड़े थे?**

क) दो ख)चार ग) दस घ) तीन

**5) चित्रा का कौन सा चित्र विदेश में पहला इनाम पा चुका था?**

क) मछली वाला ख) परियों वाला ग) अनाथ वाला घ) बाढ़ वाला

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**प्र॰4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए। (3×2=6)**

**क)** श्रीमती पैटी हैगरदान अपनी बेटी से बातचीत करने की कोशिश क्यों कर रही थी?

ख) ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा की विशेषताओं का वर्णन नेहा की ई-मेल के आधार पर कीजिए ?

ग) गोवर्धन अपने गुरु जी के मना करने पर भी अंधेर नगरी क्यों रुक गए?

**प्र.5. निम्नलिखित में से किसी एक आशय को स्पष्ट कीजिए:-(2×1=2)**

'ऐसे थे अरमान कि उड़ते नीले नाभ की सीमा पाने।

**अथवा**

'हम बहता जल पीने वाले मर जाएँगे भूखे प्यासे।

**प्र॰6 निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ।(1×2=2)**

**क) उन्मुक्त ख) वास्तुकार ग) कुसूर**

**प्र.7 निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों हेतु सही विकल्प चुन कर लिखिए। (अंक 1×5=5)**

**हम पंछी उन्मुक्त गगन के पिंजरबद्ध न गा पाएँगे,**
**कनक-तीलियों से टकराकर पुलकित पंख टूट जाएँगे।**
**हम बहता जल पीनेवाले मर जाएँगे भूखे-प्यासे,**
**कहीं भली है कटुक निबौरी कनक-कटोरी की मैदा से।**

**1) उपर्युक्त पद्यांश के कवि हैं-**

अ) **शमशेर बहादुर** आ) **केदारनाथ अग्रवाल**

**इ) प्रेमचंद** **ई) शिवमंगल सिंह सुमन**

**2)पक्षी कहाँ का जल पीना पसंद करते हैं?**

अ) **नल का** **आ) वर्षा का**

**इ) नदी झरणों का** **ई) पिंजरे में रखी कटोरी का**

**3)पक्षी किस रूप में रहना चाहते हैं?**

अ) **व्याकुल** **आ) पिंजरों में बंद**

**इ) उन्मुक्त** **ई) महल में**

**4)'हम पंछी उन्मुक्त गगन के पिंजर बंद न गा पाएँगे' का भाव है।**

अ) **हम सब पंछी होते** **आ) स्वतंत्रता बिना जीवन अधूरा है**

**इ) हम सबका बड़ा महल होता** **ई) इनमें से कोई**

**5)इस काव्यांश का क्या संदेश है-**

अ) **स्वतंत्रता का महत्त्व** **आ) मनोरंजन का महत्त्व**

**इ) समाज का महत्त्व** **ई) इनमें से कोई नहीं**

**प्र०8:- निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 15 से 20 शब्दों में लिखिए।(2×2=4)**

**क) पिंजरे में बंद पंछी सपने में क्या देख रहा है?**

**ख) पंछी मनुष्य से क्या प्रार्थना कर रहे हैं?**

**ग) पंछी अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं?**

## (मूल्यपरक प्रश्न)

**प्र०9:- निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। (5×1=5)**

- 'ऑस्ट्रेलिया के नजारे' पाठ में वर्णित संस्कृति परंपराओं का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है।अपने विचार 50 से 60 शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

- हँसी और खुशी का हमारे समाज में क्या प्रभाव पड़ता है? और इसका क्या महत्व है?अपने विचार 50 से 60 शब्दों में लिखिए।

## पूरक पुस्तक

**प्र०10:- निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए।(3×2=6)**

**क)** जंगल में भय का कारण कौन था ?इस जंगल को किस नाम से पुकारते थे?

**ख)** मंथरा को राजमहल में चल रही तैयारियों के कारण की सही जानकारी किससे मिली?

**ग)** पंचवटी जाते समय राम को रास्ते में कौन मिला?

## लेखन

**प्र०11:- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 60-70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (5×1 = 5)**

**●खेलों का महत्त्व●**

**संकेत बिंदु:-**

- ◆ स्वस्थ शरीर
- ◆ मन और मस्तिष्क का निवास
- ◆ लक्ष्य प्राप्त करना
- ◆ समाज में सम्मान

**●पुस्तकालय का महत्त्व●**

**संकेत बिंदु:-**

- ◆ पुस्तकें मनुष्य की मित्र
- ◆ पुस्तकों का भंडार
- ◆ पुस्तकों द्वारा ज्ञान का मंथन
- ◆ पुस्तकालय के नियम

**प्र०12:- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। ( 5×1=5 )**

- कविता प्रतियोगिता हेतु प्रधानाचार्या जी को निमंत्रित करते हुए 60-70 शब्दों में पत्र लिखिए।

**अथवा**

- दो दिनों के अवकाश के लिए प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना करते हुए 60-70 शब्दों में पत्र लिखिए।

**प्र०13:- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन तैयार करें। ( 5×1= 5 )**

- 'सुनहरा साबुन' की विशेषताएँ बताते हुए एक रंगीन एवं आकर्षक विज्ञापन 20 से 25 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

- 'रसीला शरबत' की विशेषताएँ बताते हुए एक रंगीन एवं आकर्षक विज्ञापन 20 से 25 शब्दों में तैयार कीजिए।

**प्र०14:- दिए गए चित्र का वर्णन 50 से 60 शब्दों में कीजिए:- (1×5=5)**

